# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय


उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ग्वालियर रोड झाँसी (उ0प्र0)।

Email Add.- eeedupjnjhansi@gmail.com Mob. No. 9473942725


पत्रांक 1278 / समाचार-पत्र /59 दिनांक– 22/6/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक अमर उजाला ई–सामाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''मौंठ में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन में लीकेज से बर्बाद हो रहा पानी, राहगीर भी हो रहे परेशान'' की अनुपालन आख्या प्रेषित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 21.06.2026 को दैनिक अमर उजाला ई–सामाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक **''मौंठ में जल जीवन मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइन में लीकेज से बर्बाद हो रहा पानी, राहगीर भी हो रहे परेशान''** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समाचार पत्र में मौंठ नगर के मुहल्ला अखाड़ापुरा स्थित सावित्री चौराहे से लेकर शिव मन्दिर तिराहे तक डाली गयी पाईप लाइन में हुये लीकेज के कारण बर्वाद हो रहे पेयजल का वर्णन किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद झाँसी के मौंठ नगर में पाइप लाइन बिछाने सम्बन्धी कार्य कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी के नियंत्रणाधीन कराये गया है तथा पाइप लाइन मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही भी उन्हीं ही द्वारा की जानी है। प्रश्नगत प्रकरण पर इस खण्ड द्वारा कोई कार्यवाही की जानी अपेक्षित नही है।

अतः आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

(मुकेश कुमार सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**संख्या एवं दिनांक यथोपरि।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
3. अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी।
4. जिलाधिकारी महोदय, झाँसी को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
5. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग झाँसी।
6. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी को आशय से प्रेषित कि उक्त प्रकरण की निस्तारण आख्या अपने स्तर से सीधे सम्बन्धित को प्रेषित करने का कष्ट करें।
7. जिला सूचना अधिकारी, झाँसी।
8. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner